भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

04.02.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 811 का उत्तर

हैदराबाद के लिए ट्रेनों के मार्ग का विस्तार और ठहराव

811. श्री वामसि कृष्णा गद्दाम:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को जन-प्रतिनिधियों और हितधारकों से ट्रेन संख्या 17036 (बल्लारशाह-काजीपेट यात्री ट्रेन) के मार्ग का सिकंदराबाद तक विस्तार करने के लिए अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं ताकि दैनिक यात्रियों, छात्रों और कर्मचारियों को हैदराबाद के लिए बेहतर रेल संपर्क मिले;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इस पर क्या कार्रवाई की गई है;

(ग) क्या सरकार को अंडमान एक्सप्रेस (16031/16032) और काजीपेट एक्सप्रेस (17036) के लिए रवींद्रखानी (आरवीकेएच) रेलवे स्टेशन और ग्रैंड ट्रंक एक्सप्रेस (12615/12616) का बेल्लमपल्ली रेलवे स्टेशन पर ठहराव प्रदान करने के लिए अनुरोध प्राप्त हुए हैं;

(घ) यदि हां, तो रवींद्रखानी और बेल्लमपल्ली स्टेशनों के संबंध में यात्रियों की संख्या, क्षेत्रीय महत्व और प्राप्त अभ्यावेदनों का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार ने ट्रेन संख्या 17036 के मार्ग का सिकंदराबाद तक विस्तार करने और रवींद्रखानी और बेल्लमपल्ली स्टेशनों पर रेल ठहराव प्रदान करने के संबंध में कोई व्यवहार्यता अध्ययन, यातायात सर्वेक्षण या परिचालन संबंधी मूल्यांकन किया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ङ): बल्हारशाह-काजीपेट-हैदराबाद खंड वर्तमान में नीचे सूचीबद्ध 18 जोड़ी रेलगाड़ी सेवाओं द्वारा सेवित किया जा रहा है।

क्र.सं	रेलगाड़ी सं. और नाम
1	12213/14 दिल्ली सराय रोहिल्ला - यशवंतपुर दुरंतो एक्सप्रेस
2	12285/86 हजरत निजामुद्दीन - सिकंदराबाद दुरंतो एक्सप्रेस
3	12437/38 हजरत निजामुद्दीन - सिकंदराबाद राजधानी एक्सप्रेस
4	12589/90 गोरखपुर - चर्लपल्ली एक्सप्रेस
5	12591/92 गोरखपुर - यशवंतपुर एक्सप्रेस
6	12721/22 हजरत निजामुद्दीन - हैदराबाद दक्षिण एक्सप्रेस

7	12723/24 नई दिल्ली - हैदराबाद डैकन तेलंगाना एक्सप्रेस
8	12771/72 रायपुर - सिकंदराबाद एक्सप्रेस
9	12791/92 दानापुर - सिकंदराबाद एक्सप्रेस
10	15293/94 मुजफ्फरपुर - चर्लपल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस
11	17005/ 06 रक्सौल - हैदराबाद एक्सप्रेस
12	17007/08 दरभंगा - चर्लपल्ली एक्सप्रेस
13	17321/22 जसीडीह - वास्को-द-गामा एक्सप्रेस
14	20101/02 नागपुर - सिकंदराबाद वंदे भारत एक्सप्रेस
15	22533/34 गोरखपुर - यशवंतपुर एक्सप्रेस
16	22691/92 हजरत निजामुद्दीन - केएसआर बेंगलुरु राजधानी एक्सप्रेस
17	22705/06 जम्मू तवी - तिरुपति हमसफर एक्सप्रेस
18	22737/38 हिसार - सिकंदराबाद एक्सप्रेस

वर्तमान में, रविंद्राखानी को 12 रेलगाड़ी सेवाओं द्वारा सेवित किया जा रहा है (नीचे सूचीबद्ध)। 16031/16032 एम. जी. रामचंद्रन (चेन्नै) सेंट्रल-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा अंडमान एक्सप्रेस और 17035/17036 काजीपेट-बल्हारशाह एक्सप्रेस का मांचिर्याल/बेल्लमपल्ली में निर्धारित ठहराव है। इसी प्रकार, बेल्लमपल्ली स्टेशन को 50 रेलगाड़ी सेवाओं द्वारा सेवित किया जा रहा है (नीचे सूचीबद्ध)। 12615/12616 एम. जी. रामचंद्रन (चेन्नै) सेंट्रल-नई दिल्ली ग्रैंड ट्रंक एक्सप्रेस का मांचिर्याल/सिरपूर काग़ज़नगर में निर्धारित ठहराव है।

रवींद्रखनी को सेवित करने वाली रेलगाड़ियां:

1	17233/34 सिरपुर कागजनगर - सिकंदराबाद भाग्यनगर एक्सप्रेस
2	17003/04 काजीपेट - सिरपुर टाउन रामगिरी एक्सप्रेस
3	67771/72 करीमनगर - सिरपुर टाउन मेमू
4	17011/12 हैदराबाद - सिरपुर कागजनगर एक्सप्रेस
5	17033/34 भद्राचलम रोड - सिरपुर टाउन सिंगरेनी एक्सप्रेस
6	12757/58 सिकंदराबाद - सिरपुर कागजनगर एक्सप्रेस

बेल्लमपल्ली को सेवित करने वाली रेलगाड़ियां:

1	11085/86 एसएमवीटी बेंगलुरु-ग्वालियर एक्सप्रेस
2	12511/12 गोरखपुर-तिरुवनंतपुरम नॉर्थ राप्ती सागर एक्सप्रेस
3	12521/22 बरौनी-एरणाकुलम राप्ती सागर एक्सप्रेस
4	12589/90 गोरखपुर-चारलापल्ली एक्सप्रेस
5	12591/92 गोरखपुर- यशवंतपुर एक्सप्रेस
6	12616 नई दिल्ली-एमजीआर चेन्नई ग्रैंड ट्रंक एक्सप्रेस
7	12707/08 तिरुपति-हजरत निजामुद्दीन आंध्र प्रदेश संपर्क क्रांति एक्सप्रेस
8	12721/22 हैदराबाद- हजरत निजामुद्दीन दक्षिण एक्सप्रेस
9	12723/24 हैदराबाद-नई दिल्ली तेलंगाना एक्सप्रेस

10	12757/58 सिकंदराबाद-सिरपुर कागज़नगर एक्सप्रेस
11	12771/72 सिकंदराबाद-रायपुर एक्सप्रेस
12	12791/92 सिकंदराबाद-दानापुर एक्सप्रेस
13	12970 जयपुर-कोयम्बत्तूर एक्सप्रेस
14	12975/76 मैसूर-जयपुर एक्सप्रेस
15	15293/94 मुजफ्फरपुर-चर्लपल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस
16	16031/32 एम. जी. रामचंद्रन (चेन्नै) सेंट्रल-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा अंडमान एक्सप्रेस
17	16093/94 एम. जी. रामचंद्रन (चेन्नै) सेंट्रल-लखनऊ एक्सप्रेस
18	17003/04 काज़ीपेट-सिरपुर कागज़नगर रामगिरी एक्सप्रेस
19	17011/12 हैदराबाद-सिरपुर कागज़नगर एक्सप्रेस
20	17033/34 भद्राचलम रोड - बल्हारशाह सिंगरेनी एक्सप्रेस
21	17035/36 काज़ीपेट-बल्हारशाह एक्सप्रेस
22	17233/34 सिकंदराबाद-सिरपुर कागजनगर भाग्यनगर एक्सप्रेस
23	22645/46 इंदौर-तिरुवनंतपुरम नॉर्थ अहिल्यानगरी एक्सप्रेस
24	22647/48 कोरबा-तिरुवनंतपुरम नॉर्थ एक्सप्रेस
25	22669/70 एरणाकुलम-पटना एक्सप्रेस
26	67771/72 सिरपुर टाउन-करीमनगर मेमू

इसी प्रकार, गाड़ी सेवाओं के लिए ठहराव का प्रावधान उस खंड पर अतिरिक्त समय की उपलब्धता और प्लेटफार्म की लंबाई आदि जैसी समान अवसंरचना की उपलब्धता सहित यातायात औचित्य, परिचालनिक व्यवहार्यता जैसे कारकों पर निर्भर करता है।

इसके अलावा, अन्य बातों के साथ-साथ गाड़ी सेवाओं का ठहराव देने के लिए सांसदों, निर्वाचित प्रतिनिधियों, संगठनों/रेल उपयोगकर्ताओं आदि से प्रस्ताव/अनुरोध/सुझाव/प्रतिनिधित्व, औपचारिक और अनौपचारिक दोनों रूपों में रेलवे बोर्ड, क्षेत्रीय रेलों, मंडल कार्यालय आदि सहित विभिन्न स्तरों पर प्राप्त होते हैं। चूंकि ऐसे प्रस्ताव/अनुरोध/सुझाव की प्राप्ति एक सतत् और गतिशील प्रक्रिया है, इसलिए ऐसे अनुरोधों के केन्द्रीकृत सार-संग्रह नहीं रखे जाते हैं। बहरहाल, इनकी जांच की जाती है और समय-समय पर जो उचित और व्यवहार्य पाया जाता है, उसके अनुसार कार्रवाई की जाती है, जो सतत प्रक्रिया है।

इसके अलावा, किसी भी मार्ग/खंड पर रेल सेवाएं बढ़ाना विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है जिनमें शामिल हैं-

- उक्त खंड की क्षमता
- मार्ग की उपलब्धता
- अपेक्षित चल स्टॉक की उपलब्धता
- चल स्टॉक हेतु उपयुक्त अवसंरचना की उपलब्धता
- रेलपथ एवं अन्य परिसंपत्तियों की अनुरक्षण आवश्यकताएँ

******